To Start Construction Work of Bus Stand

***45 Sh. SOMBIR(Dadri):-** Will the Transport Minister be pleased to state the time by which the construction work of Bus Stand of Dadri city is likely to be started/completed?

MOOLCHAND SHARMA, TRANSPORT MINISTER, HARYANA

Sir, the Bus Stand at Charkhi Dadri is fully functional. The construction of a new bus stand at Charkhi Dadri will be taken after a feasible site is identified.

बस स्टैंड का निर्माण कार्य आरम्भ करना

*45 **श्री सोमबीर (दादरी):–**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि दादरी शहर के बस स्टैंड का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ/पूरा किये जाने की सम्भावना है?

मूलचंद शर्मा, परिवहन मंत्री, हरियाणा

श्रीमान् जी, बस स्टैंड चरखी दादरी पूर्ण रूप से संचालन में है। चरखी दादरी में नए बस स्टैंड का निर्माण उपयुक्त जगह के उपलब्ध होने के पश्चात करवाया जा सकता है।

NOTE FOR PAD

*45 Charkhi Dadri depot was established in the year 1991 and due to administrative reasons, it became a sub-depot of Bhiwani Depot on 16-02-2001. The Charkhi Dadri was again established as depot of Haryana Roadways on 01-07-2011. The depot has its own Bus Stand alongwith Workshop. The 6 bays bus stand was constructed in the year 1993 and was further extended to 9 bays in the year 2012-13 with an expenditure of Rs. 157.21 lacs. At present, Charkhi Dadri depot has a sanctioned fleet of 132 buses out of which 120 buses are being held by the depot as on 31-10-2023. 15 buses are being operated under Kilometer Scheme. The buses are being plied to the routes of Delhi, Chandigarh, Rajasthan etc. as well as on local routes. The bus stand and workshop at Charkhi Dadri was constructed on 24 Kanal 10 Marla land. The bus stand is fully functional and the buses are being operated smoothly. It is further informed that the Department has also incurred an expenditure of Rs. 50.00 lacs on renovation of Bus Stand and Workshop.

It is also informed that a proposal from Gram Panchayat, Samaspur was received to transfer land for construction of new bus stand in village Samaspur. A committee was constituted to inspect the land situated at village Samaspur for construction of bus stand Charkhi Dadri which was not found suitable due to 8-9 kilometers outside the city. Further, a piece of land at village Kalayana belonging to Jain Family was also inspected for construction of bus stand. The proposed land is situated on approach road to the National Highway and same was also found non-suitable. It is pertinent to mention here that the bus stand of Charkhi Dadri is fully operational. The Construction of a new bus stand at Charkhi Dadri will be taken after a feasible site is identified.

नोट फॉर पैड

***45** चरखी दादरी डिपो की स्थापना वर्ष 1991 में हुई थी और प्रशासनिक कारणों से इसे दिनांक 16–02–2001 को भिवानी डिपो का सब–डिपो बनाया गया। दिनांक 01–07–2011 को चरखी दादरी को पुनः हरियाणा रोडवेज के डिपो के रूप में स्थापित किया गया। चरखी दादरी डिपो में कर्मशाला के साथ–साथ बस स्टैंड का भी निर्माण किया गया है। चरखी दादरी में 6 बेज के बस स्टैंड का निर्माण वर्ष 1993 में किया गया था और वर्ष 2012–13 में 157.21 लाख रुपये के व्यय के साथ इसे 9 बेज तक बढ़ा दिया गया था। वर्तमान में चरखी दादरी डिपो में 132 बसों का स्वीकृत बेड़ा है जिसमें से दिनांक 31.10.2023 तक 120 बसें डिपो के संचालन में है। 15 बसें किलोमीटर स्कीम के अन्तर्गत संचालित की जा रही हैं। बस स्टैंड चरखी दादरी से बसें दिल्ली, चंडीगढ़, राजस्थान आदि मर्गों के साथ–साथ लोकल मार्गों पर भी संचालित की जा रही हैं। चरखी दादरी में बस स्टैंड और कर्मशाला का निर्माण 24 कनाल 10 मरला भूमि पर किया गया है। चरखी दादरी बस स्टैंड पूर्ण रूप से संचालन में है और बसों का संचालन सुचारू रूप से किया जा रहा है। यह भी अवगत करवाया जाता है कि वर्तमान में ही विभाग द्वारा बस स्टैंड और कर्मशाला के नवीनीकरण हेतु 50.00 लाख रू0 का व्यय किया गया है।

यह भी सूचित किया जाता है कि ग्राम समसपुर में नये बस स्टैंड के निर्माण के लिए ग्राम पंचायत समसपुर की भूमि के हस्तांतरण का प्रस्ताव प्राप्त हुआ था। ग्राम समसपुर में स्थित भूमि का निरीक्षण करने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया और पाया गया कि प्रस्तावित भूमि शहर से लगभग 8–9 किलोमीटर बाहर होने के कारण बस स्टैंड निर्माण के लिए उपयुक्त नहीं पाई गई। इसके अतिरिक्त बस स्टैंड के निर्माण के लिए कल्याणा गांव में जैन परिवार की भूमि का भी निरीक्षण किया गया था। प्रस्तावित भूमि राष्ट्रीय राजमार्ग से दूर है और यह भी निरीक्षण के दौरान बस स्टैंड निर्माण के लिए अनुपयुक्त पाई गई। बस स्टैंड चरखी दादरी पूर्ण रूप से संचालन में है। फिर भी चरखी दादरी में नए बस स्टैंड का निर्माण कार्य उपयुक्त जगह के उपलब्ध होने के पश्चात् करवाया जा सकता है।